Item No. 2: Raising of Capital of the Bank by way of issuance of fresh Equity Shares and/or by issuance of Additional Tier–I or Tier–II capital as per Basel III Guidelines.

Place : Mangaluru
Date : 07.06.2018

By order of the Board of Directors
for CORPORATION BANK
(S. K. DASH)
COMPANY SECRETARY

NOTES

1. **APPOINTMENT OF PROXY**
   A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND THE MEETING, IS ALSO ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF, AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK.
   However, the proxy so appointed will not have any right to speak at the Meeting.
   No person shall be appointed as a proxy who is an officer or an employee of Corporation Bank.
   As per the Regulations 70(vi), the grantor of an instrument of proxy shall not be entitled to vote in person at the meeting to which such instrument relates.
   The proxy form, in order to be effective, must be received by the Bank at its Head Office at Mangala Devi Temple Road, Mangaluru - 575 001, Karnataka State, **not later than FOUR DAYS** before the date of the meeting, i.e., **on or before the closing hours i.e 5.00 p.m. of Friday, the 22nd June, 2018.**
2. **APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE**
   No person shall be entitled to attend or vote at the Annual General Meeting as a duly authorised representative of any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorised representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank with the Company Secretary, Corporation Bank, Investor Services Department, H.O., Mangaluru - 575 001 Karnataka State, **not later than FOUR DAYS** before the date of the Meeting i.e. **on or before the closing hours i.e 5.00 p.m. of Friday, the 22nd June, 2018.**
3. **EXERCISE OF RIGHTS OF JOINT HOLDERS**
   If shares are in the names of joint holders, then first named person is only entitled to attend the meeting and is only eligible to vote.
4. **CLOSURE OF REGISTER OF MEMBERS**
   Pursuant to Regulation 12 of the Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998, the Register of Members and the Share Transfer Books of the Bank will remain closed from **Friday, the 22nd June, 2018 to Friday, the 29th June, 2018** (both days inclusive) in connection with the Twenty First General Meeting and for which **Saturday, the 23rd June 2018** be treated as **cut off date** for entitlement of shareholder for remote e-voting or voting in the Annual General Meeting.
5. In compliance with provisions of Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended, the Bank is pleased to provide to its members facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed in the 21st Annual General Meeting (AGM) by electronic means through Karvy Computershare Private Limited as the Agency to provide e-voting facility. The members may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting ('remote e-voting'). The facility for voting through electronic voting system ('Insta Poll') shall be made available at the Meeting and the members attending the Meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to vote at the Meeting through 'Insta Poll'.
6. The members who have cast their vote by remote e-voting may also attend the Meeting but shall not be entitled to cast their vote again. It is hereby clarified that it is not mandatory for a shareholder to vote using the remote e-voting facility, and a shareholder may avail of the facility at his/her/its discretion.
7. A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date, i.e. June 23, 2018 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting / Insta Poll.
8. The remote e-voting period commences on **26th June 2018 (9:00 a.m.) and ends on 28th June 2018 (5:00 pm)** and the remote e-voting shall not be allowed beyond this date and time. During this period, shareholders of the Bank, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on **23rd June 2018 (cut off date)**, may cast their vote electronically or vote in the Annual General Meeting.
9. Electronic copy of the Notice of the 21st AGM of the Bank inter alia indicating the process and manner of e-voting along with Attendance Slip and Proxy Form is being sent individually to all the members whose email IDs are registered with the Bank/Depository Participants(s) for communication purposes unless any member has requested for a hard copy of the same. For members who have not registered their email address, physical copies of the Notice of the 21st AGM of the Bank inter alia indicating the process and manner of e-voting along with Attendance Slip and Proxy Form is being sent in the permitted mode by 05.06.2018. Complete text of the Notice is also made available on the Bank's website www.corpbank.com together with Proxy Form, Attendance Slip and Entry pass.
10. Ms. Varalakshmi, Assistant General Manager, Karvy Computershare Pvt Ltd Unit: Corporation Bank, Karvy Selenium Tower-B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District, Gachibowli, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad- 500 032, Phone - 040-33215424 OR at Tel No. 1800 345 4001 (toll free), email - vlakshmi.p@karvy.com, is responsible to address the grievances connected with the facility for voting by electronic means.
11. After Despatch of Notice of the 21st AGM of the Bank, the persons who have acquired shares and become Shareholder of the Bank may obtain the Login ID and password by writing to the Bank at isd@corpbank.co.in or by post with authenticated proof of shareholding or write to KARVY Computershare Pvt. Ltd., of vlakshmi.p@karvy.com, sufficiently before the closing of the remote e-voting.
12. Shareholders may kindly note that no gift/gift coupon will be distributed at the meeting.

By order of the Board of Directors
for CORPORATION BANK

Place : Mangaluru
Date : 07.06.2018

(S. K. DASH)
COMPANY SECRETARY

प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की पहचान के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आमंत्रण

अनिल स्पेशल स्टील इंडस्ट्रीज लि. (एएसएसआईएल)

सीपी. (आईबी)-35(एनडी)/2018 में माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, दिल्ली दिनांक 5-3-2018 के आदेशानुसार दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी, 2016) के अध्याय II के अधीन निगमित दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के अनुपालन में

एएसएसआईएल के पास जयपुर के चोमू जिले स्थित अपनी इकाई में टीएमटी रीबार्स के निर्माण की सुविधाएं हैं, जो लगभग 5 एकड़ से भी अधिक जमीन पर फैला हुआ है साथ में इंडक्शन फर्नेस (12 एमटी x 2), कंटीन्यूअस कास्टिंग मशीनरी, संबंधित उपकरण तथा अवसंरचना हैं। नीचे उल्लिखित मानदंडों को पूरा करने वाले प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की पहचान के लिए वित्तीय रूप से मजबूत तथा अपेक्षित निवेशकों से ईओआई आमंत्रित की जाती है

1. वित्तीय मानदंड :

समान अथवा समरूप व्यवसाय के अनुभव के साथ दिनांक 31-3-2017 को न्यूनतम निवल सम्पत्ति रु. 50 करोड़ तथा न्यूनतम कारोबार रु. 100 करोड़ होना चाहिए

अथवा

दिनांक 31.03.2017 को न्यूनतम निवल सम्पत्ति रु. 150 करोड़ होनी चाहिए

2. आईबीसी 2016 की धारा 29ए के अधीन एक प्रस्ताव आवेदक बनने के अयोग्य नहीं होना चाहिए

ईओआई के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न होने चाहिए :

1. केवाईसी दस्तावेज (पहचान के साक्ष्य, पता का साक्ष्य, पैन)
2. दिनांक 31-3-2017 की निवल सम्पत्ति अभ्यासरत सीए/सीएस द्वारा अभिप्रमाणित होनी चाहिए
3. पिछले 3 वर्षों के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण
4. आवेदक के आईबीसी, 2016 की धारा 29ए के अधीन एक प्रस्ताव आवेदक के रूप में योग्य होने संबंधी हलफनामा
5. आईबीसी, 2016 की धारा 29(2) के अधीन गोपनीयता शपथ पत्र
6. "अनिल स्पेशल स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड" के नाम प्रसंस्करण शुल्क के रूप में दिल्ली में भुगतेय रु. 1,00,000/- का डिमांड ड्राफ्ट
7. इच्छा की अभिव्यक्ति जमा को अधिकृत करने वाला बोर्ड का प्रस्ताव/प्राधिकार पत्र/पावर ऑफ अटर्नी

ईओआई जमा करने की अंतिम तारीख **18 जून, 2018** है।

ऊपर उल्लिखित दस्तावेज के साथ ईओआई ईमेल आईडी-**bajaj.vikram@gmail.com** पर भेजी जानी चाहिए तथा उसकी हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट द्वारा नीचे उल्लिखित पते पर भेजी जानी चाहिए : **विक्रम बजाज, प्रस्ताव पेशेवर, अनिल स्पेशल स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड 313ए, वर्धमान नॉर्थेक्स प्लाजा, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034**

किसी भी तरह के अनुसंधान के लिए आवेदक **सुश्री शिखा चौधुरी** को **9811527752** पर कॉल कर सकते हैं।

एएसएसआईएल के प्रस्ताव पेशेवर (आरपी) / ऋणदाताओं की कमिटी (सीओसी) अपने एकल इच्छा के अनुसार ईओआई के मूल्यांकन के आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे अतिरिक्त जानकारी/दस्तावेज की मांग कर सकते हैं। एएसएसआईएल के आरपी/सीओसी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी ईओआई को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदक द्वारा ईओआई जमा किए जाने से ही उनके पक्ष में कोई अधिकार प्राप्त नहीं हो जाएगा तथा इस विषय पर सीओसी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। आईबीसी, 2016 के अधीन सीआईआरपी के अनुसार प्रत्याशित प्रस्ताव आवेदकों की पहचान के लिए यह ईओआई के लिए एक आमंत्रण है तथा तत्पश्चात भागीदारी सीओसी/आरपी द्वारा चयन पर आधारित होगा। यह कोई प्रस्ताव दस्तावेज का गठन नहीं करता है।

विक्रम बजाज
IBBI/IPA-002/IP-N00003/2016-17/10003
प्रस्ताव पेशेवर, अनिल स्पेशल स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड
12, वसुधा अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 41, सेक्टर 9, रोहिणी, दिल्ली-110085

'एमेजॉन का भारत में अभी पहला दिन'

करण चौधरी
नई दिल्ली, 6 जून



एमेजॉन इंडिया का निवेश

2014 में **2** अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई	2016 में फिर **3** अरब डॉलर खर्च करने का वायदा
	अब तक जुटाया गया कुल धन **5** अरब डॉलर
	खर्च की गई कुल धनराशि **2.2** अरब डॉलर
	नकदी भंडार **2.5** अरब डॉलर

ऑनलाइन मार्केटप्लेस एमेजॉन भले ही भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली शॉपिंग साइट है, लेकिन इसके संस्थापक और सीईओ जेफ बेजोस का मानना है कि अभी भी यहां कंपनी का पहला दिन है। अमेरिका के बाहर एमेजॉन के लिए भारत दूसरा सबसे महत्त्वपूर्ण बाजार है। एमेजॉन इंडिया स्थानीय भारतीय भाषाओं पर काम कर ग्रामीण इलाकों में अपनी पैठ मजबूत करने की कवायद में लगी है। एलेक्सा के माध्यम से धार्मिक गीतों की स्थानीय भाषाओं में प्रस्तुति से लेकर स्थानीयकरण के माध्यम से ऑनलाइन मॉर्केटप्लेस देश की संस्कृति का हिस्सा बन गई है और उसी के मुताबिक अपनी सभी सेवाएं व पेशकश दे रही है।

बेजोस ने साफ किया कि एमेजॉन इंडिया अभी नहीं बल्कि पिछले दो साल से भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली वेबसाइट बनी हुई है। एमेजॉन ने भारत में 5 साल पूरे कर लिए हैं। वह स्थानीय लोगों में लोकप्रिय स्नैपडील और फ्लिपकॉर्ट के मुकाबले आगे बढ़ने में सफल रही है। उपभोक्ताओं को लिखे पत्र में बेजोस ने कहा है कि एमेजॉन की पहुंच अब देश में सेवा योग्य 100 प्रतिशत पिनकोड तक है और 13 राज्यों में स्थित 50 से ज्यादा गोदामों से सामान पहुंचा रही है।

पत्र में उन्होंने कहा है, 'हमने अपनी यात्रा के 5 साल पूरे किए हैं, लेकिन हम कहना चाहते हैं कि एमेजॉन का यह पहला दिन है। मैं आगे की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हूं। एमेजॉन डॉट इन इंडिया की की अपनी दुकान है।'

बेजोस ने यह भी कहा है कि कंपनी 'दसियों हजार' थर्ड पार्टी डेवलपरों के साथ काम कर रही है, जिससे एलेक्सा वायस असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाई जा सके।

पिछले 5 साल के दौरान एमेजॉन ने एक विक्रेता के साथ काम शुरू करने के बाद 3,00,000 विक्रेता जोड़े हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में ही एमेजॉन डॉट इन ने अपने थर्ड पार्टी नेटवर्क और सेवा प्रदाताओं का विस्तार किया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि छोटे शहरों और कस्बों के विक्रेता आसानी से पहुंच सकें और उन्हें अपने ऑनलाइन कारोबार को शुरू करने व उसके प्रबंधन में मदद मिल सके।

उद्योग के विश्लेषकों के मुताबिक भारत के कारोबार में एमेजॉन ने 3 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश किया है। भारत के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक भारत में उसकी एक इकाई एमेजॉन इंडिया सर्विस को ही वित्त वर्ष 2017-18 में अमेरिका के उसके मूल संस्थान से 1.28 अरब डॉलर से ज्यादा मिले हैं।

बेजोस ने भारत के बाजार में 5 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी। बहरहाल उद्योग के आंतरिक जानकारों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में कंपनी का निवेश बढ़ सकता है क्योंकि वालमॉर्ट भारत में फ्लिपकॉर्ट के परिचालन का विस्तार करना चाहती है। एमेजॉन की अन्य भारतीय इकाइयों में निवेश किया गया है, जिसमें एमेजॉन पे और यहां स्थित इसका थोक कारोबार शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक वैश्विक ई कॉमर्स दिग्गज ने भारत से सुपरमार्केट, हाइपरमार्केट और खुदरा कंपनियों से हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है। कंपनी की योजना भारत में अपनी ऑफलाइन पहुंच बढ़ाने की है।

इस दिशा में बातचीत अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि बड़े खुदरा कारोबारियों ने एमेजॉन के साथ बातचीत की है। हाल ही में फ्लिपकॉर्ट वालमार्ट सौदे की घोषणा के बाद फ्यूचर ग्रुप के संस्थापक किशोर बियाणी ने संकेत धिए थे कि वह मजबूद वैश्विक खुदरा कारोबारी को हिस्सेदारी बेचने को तैयार हैं।

सूत्रों ने कहा कि बियाणी ने एमेजॉन और वालमॉर्ट के साथ बातचीत की है। कुछ क्षेत्रीय हाइपरमार्केट और सुपरमार्केट चलाने वालों के साथ भी एमेजॉन ने बातचीत की है। सूत्रों ने कहा कि यह वालमॉर्ट द्वारा फ्लिपकार्ट में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिक्रिया नहीं है बल्कि कंपनी पहले से ही ऑफलाइन कारोबार की योजना बना रही है। एक सूत्र ने कहा, 'अमेरिका की ही तरह वह भारत में खुदरा क्षेत्र में विस्तार चाहती है। एमेजॉन ने कुछ कंपनियों के साथ बाद की है, लेकिन अभी यह शुरुआती अवस्था में है। अगर चीजें सही दिशा में जाती हैं तो इस साल के आखिर तक एक बड़े खुदरा कारोबारी के साथ सौदा हो सकता है।' बहरहाल एमेजॉन इंडिया ने इस पर कुछ भी कहने से इनकार किया है।

कर्मचारियों की छुट्टी कर खस्ताहाल उपक्रमों की जमीन पर बनेंगे मकान

भाषा
नई दिल्ली, 6 जून

सरकार ने नहीं चल पा रहे केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को बंद कर उनकी चल एवं अचल संपत्तियों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए संशोधित दिशा निर्देशों को आज मंजूरी दी। नए नियमों के अनुसार ऐसे उपक्रमों की जमीन का आगे इस्तेमाल करने में सस्ते मकानों की योजनाओं को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सरकार की इस पहल से घाटे में चल रहे इन उपक्रमों को बंद करने की योजना के क्रियान्वयन में हो रही देरी को कम किया जा सकेगा। नए दिशानिर्देशों में परिसमापन प्रक्रिया में दिए गए केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की भूमि को आवास एवे शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत सस्ती आवास परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराने को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। नए नियमों के मुताबिक ऐसे उपक्रमों के हर स्तर के कर्मचारी को सरकार द्वारा तय समान नीति के तहत 2007 के राष्ट्रीय वेतन मानकों के अनुरूप स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) पैकेज दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इन दिशानिर्देशों में संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के प्रावधान हैं।

कार्पोरेशन बैंक Corporation Bank

सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक

प्रधान कार्यालय: मंगला देवी मंदिर मार्ग, मंगलूर - 575 001, दक्षिण कन्नड़ जिला, कर्नाटक राज्य, भारत

सूचना

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 56 के अनुसरण में एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कार्पोरेशन बैंक के शेयरधारकों की इक्कीसवी वार्षिक महासभा **शुक्रवार, 29 जून, 2018 को पूर्वाह्न 10.30 बजे**, सहस्राब्दि भवन, कार्पोरेशन बैंक, प्रधान कार्यालय, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, पांडेश्वर, मंगलूर - 575 001, कर्नाटक राज्य में संपन्न होगी जिसमें निम्नलिखित मदों पर विचार विमर्श किया जाएगा

मद सं. 1: बैंक के 31 मार्च, 2018 के एकल एवं समेकित लेखा परीक्षित तुलन-पत्र, 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के एकल एवं समेकित लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्य-निष्पादन तथा क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श, अनुमोदन तथा इन्हें स्वीकार करना।

मद सं 2: नये इक्विटी शेयरों के निर्गम और / या बासल IIIII दिशानिर्देशों के अनुसार अतिरिक्त टियर -I या टियर-II पूंजी के निर्गम द्वारा बैंक की पूंजी जुटाना

स्थान : मंगलूर
दिनांक : 07.06.2018

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते कार्पोरेशन बैंक
(एस. के. दाश)
कंपनी सचिव

नोट

1. **प्रॉक्सी की नियुक्ति**
   जिस शेयरधारक को बैठक में भाग लेने का अधिकार है, उसे अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है तथा ऐसे प्रॉक्सी का कार्पोरेशन बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है।
   तथापि, इस प्रकार नियुक्त प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा।
   प्रॉक्सी के रूप में ऐसे किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी जो कार्पोरेशन बैंक का एक अधिकारी या कर्मचारी हो।
   विनियम 70(vi) के अनुसार प्रॉक्सी लिखत देनेवाला, लिखत से संबंधित बैठक में व्यक्तिगत रूप से वोट देने के लिए पात्र नहीं होगा।
   प्रॉक्सी फार्म प्रभावी होने हेतु बैठक प्रारंभ होने से **कम-से-कम चार दिन पहले** अर्थात् शुक्रवार, **22 जून 2018 को** कार्यसमय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 5.00 बजे तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय, मंगलादेवी मंदिर मार्ग, मंगलूर-575 001, कर्नाटक राज्य में प्राप्त हो जाना चाहिए।
2. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**
   बैंक के शेयरधारक कंपनी निकाय का विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, वार्षिक महासभा में भाग लेने और मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करनेवाले संकल्प की प्रति को उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा, जिस बैठक में वह पारित किया गया हो, सत्यप्रति प्रमाणित किया गया हो, बैठक की तिथि से **कम-से-कम चार दिन पहले अर्थात् शुक्रवार, 22 जून, 2018 को कार्य समय की समाप्ति अर्थात् अपराह्न 5.00 बजे** तक या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, कार्पोरेशन बैंक, निवेशक सेवा विभाग, प्र.का. मंगलूर - 575 001, कर्नाटक राज्य को प्रस्तुत नहीं किया जाता है।
3. **संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग**
   यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम में है, तब केवल प्रथम नाम वाला व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने हेतु पात्र होगा और वह ही बैठक में वोट डालने के लिए पात्र होगा।
4. **सदस्यों के रजिस्टर की बंदी**
   कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियां, **शुक्रवार 22 जून, 2018 से शुक्रवार, 29 जून, 2018** (दोनों दिनों सहित) इक्कीसवी वार्षिक महासभा के संबंध में बंद रहेंगी इसके लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा वार्षिक महासभा में वोटिंग हेतु **शनिवार, 23 जून 2018** को कट-ऑफ तिथि मानी जायेगी।
5. यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन व प्रशासन) नियम, 2015 के नियम 20 के साथ पठित सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक, अपने सदस्यों को 21वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में प्रस्तावित संकल्पों को पास करने हेतु अपने सदस्यों को इलेक्ट्रानिक माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी के रूप में कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड के जरिए अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने हेतु ई-वोटिंग सुविधा सहर्ष प्रस्तुत करता है। सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से बैठक की जगह के अतिरिक्त अन्य जगह से भी कर सकते है (रिमोट ई-वोटिंग)। इलेक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम से वोटिंग करने की सुविधा (इंस्टा पोल) को बैठक के स्थान पर उपलब्ध कराया जायेगा तथा बैठक में आने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट वोटिंग (इंस्टा पोल) द्वारा वोटिंग नहीं किया है वे अपना वोट दे सकेंगे।
6. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने मत का प्रयोग किया है वे भी बैठक में भाग ले सकेंगे लेकिन पुनः मतदान हेतु पात्र नहीं होंगे। यहां स्पष्ट किया जाता है कि शेयरधारक के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करते हुए मत देना अनिवार्य नहीं है और निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुए एक शेयरधारक इस सुविधा का उपयोग अपने / उनका / उनकी विवेक के अनुसार कर सकते हैं।
7. एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपाजिटरी के पास रखे लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि 23 जून 2018 को दर्ज होगा वही रिमोट ई-वोटिंग / इंस्टा पोल को लिए पात्र होगा।
8. रिमोट ई-वोटिंग 26 जून, 2018 (प्रातः 9.00 बजे) से शुरू होकर 28 जून 2018 (सायं 5.00 बजे) को समाप्त होगी तथा इस तिथि एवं समय के बाद रिमोट इ-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। शनिवार, 23 जून 2018 (कट-आफ तिथि) को इलेक्ट्रानिक या भौतिक रूप से बैंक शेयरों को धारण करने वाले शेयरधारक इस अवधि के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रानिक विधि से या वार्षिक महा सभा में वोट देकर कर सकते हैं।
9. अन्य बातों के साथ-साथ उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फार्म के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को सूचित करने वाली बैंक की 21 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना की इलेक्ट्रोनिक प्रति सभी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से भेजी जा रही है जिनके ईमेल आईडी बैंक / डिपाजिटरी सहभागी के साथ संप्रेषण हेतु पंजीकृत है जबतक कि किसी सदस्य द्वारा इसकी कागजी प्रति हेतु अनुरोध न किया जाए। अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाने वाले सदस्यों हेतु अन्य बातों के साथ-साथ उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फार्म के साथ ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके को सूचित करने वाली बैंक की 21 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना की कागजी प्रति 05.06.2018 तक अनुमत माध्यम से प्रेषित की जा रही है। प्रॉक्सी फार्म, उपस्थिति पर्ची तथा प्रवेश पास के साथ सूचना का पूरा पाठ बैंक की वेबसाइट www.corpbank.co.in पर उपलब्ध है।
10. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई करने हेतु सुश्री वरलक्ष्मी, सहायक महा प्रबंधक, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा. लि., यूनिट: कार्पोरेशन बैंक, कार्वी सेलेनियम टावर - बी, प्लाट सं. 31 व 32, वित्तीय जिला, गाचिबोवली, नानकरामगुडा, सेरीलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500 032, फोन - 040-33215424 या दूरभाष सं. 18003454001 (टॉल फ्री), ई-मेल - vlakshmi.p@karvy.com जिम्मेदार हैं।
11. बैंक की 21 वीं वार्षिक महा सभा की सूचना के प्रेषण के बाद, जिन लोगों ने शेयर हासिल किए हैं और बैंक के शेयरधारक बन गए हैं, वे isd@corpbank.co.in पर बैंक को लिखकर या शेयरहोल्डिंग के प्रमाणित प्रमाण के साथ डाक द्वारा भेजकर या रिमोट ई-वोटिंग के बंद होने से पर्याप्त समय पहले vlakshmi.p@karvy.com पर कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट को लिखकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
12. शेयरधारक कृपया ध्यान दे कि बैठक में कोई उपहार / उपहार-कूपन वितरित नहीं किया जाएगा।

स्थान : मंगलूर
दिनांक : 07.06.2018

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते कार्पोरेशन बैंक
(एस. के. दाश)
कंपनी सचिव

शूटिंग की अनुमति के लिए अब 'एकल खिड़की योजना'

बीएस संवाददाता
मुंबई, 6 जून

राज्य में विभिन्न स्थानों पर निर्मित होने वाले सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन, शॉर्टफिल्म आदि के शूटिंग के लिए अब विविध विभागों की अनुमति एक ही जगह मिलेगी। यह अनुमतियां सुचारू तरीके से निर्धारित अवधि में मिलने के लिए 'एकल खिड़की योजना' कार्यान्वित की गई है। इस संबंध में पर्यटन और सांस्कृतिक कार्य विभाग ने शासन निर्णय जारी किया है। फिलहाल यह योजना मुंबई में लागू होगी बात में इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

फिल्मों के लिए जारी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने फिल्म इंडस्ट्री के लिए एकल खिड़की योजना लागू कर दी है। राज्य के पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल ने शासन निर्णय (जीआर) की प्रति प्रसिद्ध फिल्म निदेशक आशुतोष गोवारीकर को दी।

यह निर्णय बॉलीवुड और टीवी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इससे महाराष्ट्र में विभिन्न प्रकार की शूटिंग को गति मिलेगी। इसका लाभ राज्य के पर्यटन विकास के लिए भी होगा। निदेशक गोवारीकर ने कहा कि, महाराष्ट्र की भूमि की बड़ी क्षमता है। यहां के शूटिंग स्थल बॉलीवुड को हमेशा ही आकर्षित करते हैं, लेकिन कई बार आवश्यक अनुमति न मिलने से शूटिंग के स्थलों में बदलाव करना पड़ता है।

राज्य सरकार ने शूटिंग के लिए एकल खिड़की योजना से कई सारी अनुमति अब एक ही जगह पर देने का निर्णय दिया है। बॉलीवूड को महाराष्ट्र में शूटिंग के लिए इस निर्णय से बड़ा लाभ होगा।

महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल ने कहा हमारा बॉलीवुड टूरिजम पर विशेष ध्यान है। मुंबई में बॉलीवुड महाराष्ट्र का एक भूषण है। देश समेत पूरे विश्व के लोगों में बॉलीवुड का आकर्षण है। इसका उपयोग देश - विदेश के पर्यटकों को मुंबई और महाराष्ट्र की ओर आकर्षित करने के लिए किया जाएगा।

निर्माता - निदेशक आशुतोष गोवारीकर समेत बॉलीवुड के अन्य कई कलाकार, निर्माता, निदेशकों ने इस कार्य के लिए सकारात्मकता दिखाई है।

सीबीआई के सामने चिदंबरम

अरिंदम मजूमदार
नई दिल्ली, 6 जून



आईएनएक्स मीडिया में विदेशी निवेश के सिलसिले पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर बुधवार को नई दिल्ली में सीबीआई मुख्यालय पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम -दलीप कुमार

नई दिल्ली स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुख्यालय के शानदार भवन का जब 2011 में उद्घाटन हुआ था तो पलनिअप्पन चिदंबरम केंद्रीय गृहमंत्री थे और पर मंचासीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे। आज कांग्रेस के नेता उसी भवन में आए, उन्हें बाहर ही अपने वाहन से उतरना पड़ा, उन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के लिए स्वागत कक्ष में इंतजार किया, जैसा कि सीबीआई प्रोटोकॉल है।

जांच एजेंसी ने पूर्व वित्त मंत्री से 5 घंटे तक सवाल पूछे। चिदंबरम विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की 305 करोड़ रुपये की मंजूरी के संबंध में कथित भूमिका के लिए जांच एजेंसियों के दायरे में आए। सीबीआई ने वर्ष 2007 में 305 करोड़ रुपये की विदेशी निधि हासिल करने के लिए आईएनएक्स मीडिया को एफआईपीबी से मिली मंजूरी में कथित अनियमितता के लिए पिछले साल 15 मई को प्राथमिकी दर्ज की थी। जब निवेश को मंजूरी दी गई थी तो चिदंबरम केंद्रीय वित्त मंत्री थे।

सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह साफ नहीं किया कि किस आधार पर सवाल किए गए, लेकिन कहा कि चिदंबरम को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41 ए के तहत तलब किया गया था। इस धारा के तहत तब तलब किया जाता है, जब जांच प्राधिकरण को किसी व्यक्ति के खिलाफ उचित शिकायत मिलती है और यह साफ हो जाता है कि अनौपचारिक सूचनाएं विश्वसनीय हैं या संदेह की तार्किक वजह है, जिसमें संज्ञेय अपराध किया गया है।

निर्भय कुमार के नेतृत्व वाली सीबीआई की आर्थिक अपराध इकाई ने सवाल पूछे। सीबीआई अधिकारी ने कहा कि उन्हें दूसरी बार भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है, जो आज की पूछताछ के परिणाम पर निर्भर होगा। अधिकारी ने कहा, 'हम उनके जवाब की जांच करेंगे और अगर जरूरी हुआ तो फिर से बुलाया जाएगा।'

बहरहाल पूर्व वित्त मंत्री ने कई बार कहा है कि यह पूछताछ राजनीतिक बदमाशी है क्योंकि सीबीआई ने प्राथमिकी में उनका नाम नहीं डाला है। सीबीआई मुख्यालय से बाहर आने के बाद चिदंबरम ने कहा कि सवाल एफआईपीबी की फाइलों व रिकॉर्ड पर आधारित थे।

बुद्धा एयर वाराणसी व काठमांडू हवाई सेवा को देगी विस्तार

बीएस संवाददाता
वाराणसी, 6 जून,

नेपाल में हवाई सेवा प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी बुद्धा एयर जल्द ही अपनी सेवाओं में विस्तार करते हुए वाराणसी से काठमांडू के लिए रोजाना उड़ान भरेगी। फिलहाल बुद्धा एयर सप्ताह में दो दिन वाराणसी से काठमांडू की उड़ान सेवा प्रदान कर रही है।

वाराणसी में कंपनी के उड़ान पैकेजों को प्रोत्साहित करने आए कंपनी के निदेशक रुपेश जोशी व भारत में कंट्री प्रबंधक उद्धव सुवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेपाल दौरे में नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा देने पर कई करार हुए थे जिसके कारण बुद्धा एयर दोनों देश के बीच पर्यटन को बढ़ाने में सेतु का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बुद्धा जल्द ही वाराणसी के साथ कई अन्य शहरों को भी काठमांडू से जोड़ने की योजना बना रही है। इसी कड़ी में बुद्धा 29 जून से वाराणसी से काठमांडू के लिए 72 सीटों की एक उड़ान शुरू कर रही है जो तीन दिवसीय विभिन्न पर्यटन पैकेज से सुसज्जित है।

बीएस सूडोकू 3144

	8	9	2					4
		7			1	8	6	
5								3
	7			2		5		
1								7
		4		7			1	
4								1
	1	3	8			2		
2					9	3	4	

परिणाम संख्या 3143

7	6	9	1	5	4	8	2	3
4	1	3	9	2	8	6	7	5
5	2	8	7	3	6	4	1	9
1	4	6	3	9	7	5	8	2
3	7	5	8	1	2	9	6	4
9	8	2	6	4	5	7	3	1
6	3	1	5	8	9	2	4	7
8	9	4	2	7	1	3	5	6
2	5	7	4	6	3	1	9	8

कैसे खेलें?
हर रो, कॉलम और 3 बाई 3 के बॉक्स में एक से लेकर नौ तक की संख्या भरें।

मध्यम
★★★☆☆

क्षेत्रीय मंडियों के भाव

महाराष्ट्र | राजस्थान | मध्य प्रदेश

बंद भाव रुपये प्रति क्विंटल

मुंबई

अनाज-दाल : गेहूं लोकवन 2150/2300, शरबती 2300/2900, थाना मिल 1900/1950, चावल: परमल वंड 2600/2800, कोलम (कर्नाटक) 3700/4000, कोलम (नागपुर) 4200/5300, मंसूरी 2700/2800, दाल: राजमा चित्रा 7500/7525, मसूर 3300/3325, चना 3480/3490, उड़द एसक्यू 4400/4425, अरहर लेमन 3490/3500

गुड़-चीनी : चीनी: एस ग्रेड 2850/2930, एम ग्रेड 2940/2990, गुड़ (भेली): सांगली 4000/4300, नीरा बारामती 3700/3900

तेल-तिलहन : खाद्य तेल: आरबीडी 7280, मूंगफली तेल 8400, सोया रिफाइंड 7530 सोया रिफाइंड (टिन)1250/1320

किराना : जीरा: (20 किलो) मीडियम 2900/3000, जीरा बेस्ट 3000/3100, अजवायन जामनगर 15000/16500, धनिया: ईगल 9200/9500, ग्रीन 10500/12000, लालमिर्च गुंटूर 8800/9800, लालमिर्च एमपी 8800/9300, चाय (किलो): असम डस्ट 200/210, असम मामरी 250/300, साउथ 140/160

सर्राफा (जीएसटी अतिरिक्त) : चांदी (किलो):हाजिर 40500, डिलीवरी 40700, कच्ची 38500, सोना (प्रति दस ग्राम): बार 31400, स्टैन्डर्ड 31550, (23 कैरेट) 30400, आभूषण (22 कैरेट) 28900

अलौह-धातु : (किलो): कॉपर सी स्क्रैप 487, कॉपर एच स्क्रैप 481, कॉपर आरमेचर 474, कॉपर शीट कटिंग 470, कॉपर यूटेंशियल स्क्रैप 450, ब्रास शीट कटिंग 366, ब्रास यूटेनसिल स्क्रैप 346, एल्यू. यूटेनसिल स्क्रैप 126, गन मैटल स्क्रैप 365, ब्रास हनी 338, कॉपर वायर बार 515, एल्यू. इंगट 177, जिंक स्लैब 240, लेड इंगट 180, टिन स्लैब 1450, निकिल प्लेट 1090, सीसी रॉड 509

कॉटन यार्न : (किलो): कार्डेड वार्प: (10/1) 95/105, (20/1) 145/152, (40/1) 218/225, (60/1) 235/245

देशी घी : (प्रति लीटर): अमूल 425, विजया 415, कृष्णा 380, गोकुल 440

सीमेंट : (50 किलो/53 ग्रेड): अल्ट्राटैक 350, एसीसी 345, ग्रासिम 345, वासव दत्ता, अम्बुजा 350

रसायन : (एफओआर मुम्बई) टैक्स अतिरिक्त: कॉस्टिक सोडा फ्लैक (50 किलो) 2225/2235, सोडा एश (50 किलो) 1150/1200, टिटेनियम डाइऑक्साइड (किलो): टीटीके 175/185, चीन 155/165

जोधपुर

गेहूं 1700/1725, जौ 1400/1450, पोपकोन मक्की 3900/4000, ग्वार डिलीवरी (ऑलपेड) 3700/3750, ग्वारगम 7650/7750, बाजरा (गुजरात) 1400/1450, बाजरा (जयपुर) 1330/1360, चना 3550/3600, काबली चना 4500/5500, मूंग 4400/4500,

इंदौर

जीएसटी अतिरिक्त: किराना (किलो): सुपारी 260/300, हल्दी: सांगली 121/129, निजामाबाद 105/114, कालीमिर्च 360/390, जीरा: ऊंझा चालू 168/178, मीडियम 178/188, बेस्ट 188/198, खसखस 350/590, बड़ी इलायची 550/675, इलायची हरी 800/925, लौंग 600/650, दालचीनी 160/165, जायफल 430/475, जावित्री कोचीन 1100/1150, सिंगापुर 1175/1225, अजवायन मीडियम 90/150, धनिया खड़ा मीडियम 58/105, मेथीदाना 38/41, मेवे: काजू (240 नं.) 770/850, काजू-टुकड़ी 690/700, उड़ीसा (320 नं.) 820/830, (400 नं.) 750, (240 नं.) 940, जेएच 800, बादामगिरी: करमल 700, कैलि. 700/710, लम्बी सिनोरा 800, किशमिश कंधारी 275/375, इंडियन 150/170, गोल्डन 170/180, मखाना 550/750, पिस्ता: बड़ा 1200/1250, पेशावरी 1700/1750, हैराती 1600, नमकीन 875/925, मगज तरबूज 132/142, केसर (प्रति ग्राम) 180, सफेद मूसली 1600/1700, अखरोट 350/450, अमरीकन 400/500, गिरी 800/1200, अंजीर 350/600, जरदालू 450/700, बादाम 170/180, चारोली 600/700, मुनक्का 250/600. अनाज-दाल (क्वि): चावल परमल 2500/2900, बारामती मोगरा 3800/3925, गेहूं 1750/2100, चना कांटेवाला 3550/3650, काबली चना डॉलर 4000/4500, चना दाल 4250/4350, मसूर 3300/3550, मसूर दाल 4200/4400, मूंग 4500/5200, तुअर 3700/4050, उड़द 2700/3500, उड़द मोगर 5500/5600, मक्का 1200/1250, तिलहन:सोयाबीन 3500/3550, सरसों 3450/4000, कपास्या खली 1750/1800, खाद्य तेल (टीन): सरसों 1250/1300, सोयाबीन 1200/1225, मूंगफली 2150/2200,

एमएनएस